पानी की गुणवत्ता जांचने के निर्देश

सागर की जीवनदायिनी सागर जल आवर्धन परियोजना राजघाट बांध पहुंचे संभागायुक्त, सीवर लाइन-पाइप लाइन के ऊपर से निकले

नवभारत न्यूज

सागर 6 जनवरी. जलप्रदाय व्यवस्था का संभागायुक्त निल सुचारी ने राजघाट बांध पहुंचकर जायजा लिया. निगमायुक्त राजकुमार खत्री के साथ राजघाट बांध पहुंचकर पेयजल सप्लाई हेतु एकत्र होने वाले रॉ वॉटर सहित इनटक वेल पंपहॉउस का निरीक्षण किया गया.

संभागीय आयुक्त श्री सुचारी ने कहा कि पेयजल सप्लाई हेतु आवश्यक टेस्ट आवश्यक रूप से करायें, नागरिकों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें. उन्होंने यहां राजघाट के रॉ-

वॉटर की टर्बिडिटी की जानकारी सहित कुल 12 प्रकार के किये जा रहे टेस्टों की रिपोर्ट चैक की. उन्होंने शहर में पेयजल सप्लाई लाइनों के लीकेज सहित एन्ड यूजर यानि जल उपभोक्ता नागरिकों के घर पर पहुंचने वाले पानी की लगातार जाँच करने और बेहतर गुणवत्ता का पेयजल प्रदाय किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने शहर में जांचे गए पानी के सेम्पलों की जानकारी ली और वर्तमान में प्रतिदिन कम से कम 50 जगहों पर पहुंचकर पानी की गुणवत्ता जाँचने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा की शहर में जहाँ भी सीवर लाइन और पेयजल सप्लाई लाइन क्रॉस हो रही है या

संभागायुक्त ने निरीक्षण के दौरान एमपीयूडीसी और नगर पालिक निगम के इंजीनियर्स व अधिकारीयों से राजघाट की जल संग्रहण क्षमता फ़िल्टर प्रक्रिया आदि की जानकारियां विस्तार से लीं. 1800 हेक्टेयर डूब क्षेत्र वाले राजघाट में फुल टेंक होने पर 62 मिलियन घन मीटर पानी एकत्र होता है. राजघाट बांध पर बने जल शोधन संयंत्र से 70 मिलियन लीटर पेयजल प्रतिदिन सप्लाई किया जाता है. संभागीय आयुक्त श्री सुचारी ने एलम डोजिंग टेंक, लाइम डोजिंग टेंक, क्लोरिनेशन चेम्बर, वॉटर टेस्टिंग लेबोरेटरी के साथ राजघाट के सम्पूर्ण जल शोधन संयन्त्र परिसर का निरीक्षण किया और पानी के फिल्ट्रेशन के दौरान मिलाई जाने वाली एलम और लाइम आदि की प्रक्रिया देखी. उन्होंने टेस्टिंग लेब में उपकरणों सहित आवश्यक केमिकल्स की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए लेब असिस्टेंट से यहां किये जाने वाले समस्त टेस्टों की जानकारी ली.

अधिक नजदीक है उन स्थलों की सघन जाँच करें कहीं भी सीबर लाइन पेयजल लाइन के ऊपर से नहीं गुजरना चाहिए. खुली नाली या नालों से गुजरने वाली पाईपलाइनों को क्रमश: हटाकर नाले से दूरी सुनिश्चित कर पेयजल की सुरक्षा व स्वच्छता सुनिश्चित करें, आवश्यकतानुसार सुरक्षित स्थल पर नई पाईप लाइन बिछाकर पुरानी सप्लाई लाइनों को बंद करें और पूरी तरह हटाएँ.

सभास्थल पर कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी लगेगी

मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियां, पूर्व मंत्री ने कृषि यंत्र निर्माता एसो. की बैठक ली

नवभारत न्यूज

खुरई 6 जनवरी. मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के 10 जनवरी को खुरई कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने खुरई के कृषि उपकरण निर्माता एसोसिएशन के सदस्यों की बैठक ली. उन्होंने नौ वार्डों के दो शक्ति केंद्रों के भाजपा कार्यकर्ताओं की दो संयुक्त बैठकें लीं.

सभी बैठकों में खुरई में मुख्यमंत्री के रोड शो और आमसभा में स्वागत, व्यवस्थित आयोजन की रूपरेखा बनाई गई. सभी बैठकों में श्री सिंह का 500 से अधिक कंबलों से स्वागत हुआ. स्वागत स्वरूप एकत्रित लगभग 1000 कंबलों को स्थानीय महिलाओं को वितरित कर दिया गया.

कृषि उपकरण निर्माता एसोसिएशन की बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि आप सभी लोगों के परिश्रम और कुशलता ने खुरई के कृषि उपकरणों को देश प्रदेश में एक ब्रांड के रूप में स्थापित किया है, एक जिला,एक उत्पाद के रूप में खुरई में निर्मित कृषि उपकरणों को सागर जिले के मुख्य उत्पाद के रूप में दर्ज किया गया है. उन्होंने कहा कि सभी कृषि उपकरण निर्माता अपने उत्पादों की एक प्रदर्शनी सभास्थल पर लगाएं जिसका मंच से वर्चुअली उद्घाटन मुख्यमंत्री करेंगे, इससे खुरई के कृषि यंत्रों को एक्सपोजर मिलेगा. श्री सिंह ने कहा कि उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी यहां हैं उनसे समन्वय करके खुरई निर्मित कृषि उपकरणों की विशेषता, उपयोगिता, इससे हो रहे रोजगार सृजन आदि कंटेंट पर आधारित एक शार्ट फिल्म बनाएं जिसे आमसभा के मंच पर दिखाया जाएगा. उन्होंने कहा कि खुरई और आप सबकी प्रगति के लिए मुख्यमंत्री का सहयोग और समर्थन मिलना आवश्यक है तभी बड़े विकास कार्यों की निरंतरता खुरई में हो सकेगी.

एक नजर में

नव महिला आरक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

सागर. पुलिस कंट्रोल रूम में यातायात शाखा में नव पदस्थ महिला पुलिस कर्मियों हेतु विशेष प्रशिक्षण एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर एएसपी लोकेश कुमार सिन्हा द्वारा महिला यातायात पुलिस कर्मियों को शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं जनहितैषी बनाए रखने के उद्देश्य से मार्गदर्शन प्रदान किया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम में यातायात प्रभारी मोहन सिंह, सूबेदार हेमंत पटेल, विनायक सोनी, प्रियंका बोरासी सहित समस्त महिला पुलिस कर्मी उपस्थित रहीं.

संगिनी महिला क्लब ने सामग्री वितरित की

सागर. जेपी ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज जेपी बीना थर्मल पावर प्लॉट के संगिनी महिला क्लब समिति द्वारा घरौंदा आश्रम में 30 रजाईयॉ, फल, तेल, मसाले एवं सैनिटरी आदि सामग्री का वितरण किया गया. यह सेवा कार्य संगिनी महिला क्लब समिति अध्यक्षा श्रीमति अनु सोनी एवं उपाध्यक्षा ज्योत्सना पंडा व संयोगिता सिन्हा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ.

संविदा शिक्षक संघ की कार्यकारिणी गठित

राहतगढ़. जिला मुख्यालय पहलवान बाबा मंदिर परिसर में संविदा शिक्षक संघ की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई. इस दौरान अनेक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया. साथ ही सर्वसम्मति से जिला कर्यकारिणी गठित की गई. जिसमें संविदा शिक्षक संघ के जिलाअध्यक्ष राजेंद्र राय, उपाध्यक्ष चंद्रभानसिंह राजपूत, सचिव राजकुमार चौरसिया, सह सचिव अनंतराम चौबे को नियुक्त किया गया. इस दौरान राजकिशोर तिवारी, अवधेश कुमार, माधव पटेल, राजकुमार ठाकुर, द्वारका मिश्रा, अनिल जैन, प्रकाश सेन, राजकुमार खंगार, शिवराज साहू, पुष्पेंद्रसिंह, विपिन भल्ला मौजूद थे.

किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन

शाहगढ़. भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसानों ने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार जीसी राय को ज्ञापन दिया. जिसमें सोयाबीन की भावांतर की राशि शीघ्र देने, विपणन संघ के गोदाम में प्रभारी डीके रावत को बर्खास्त करने, किसानों को बिजली के वोल्टेज की समस्या का निदान, बीला बांध एवं चंदिया बांध की नहरों और पानी के रखरखाव संबंधी, बांधों के पानी की बचत और बर्बादी के लिए जिम्मेदारी तय करने जैसे मुद्दों के संबंध में ज्ञापन में कहा है.

बजरंग संगठन का हुआ विस्तार

ललितपुर. बजरंग सेना संगठन की समीक्षा बैठक और नव नियुक्त पदाधिकारीयो का सम्मान समारोह ग्राम पंचायत दावनी में तला के बब्बा के मंदिर पर संपन्न हुआ. जिसमें मुख्यातिथि शुभम पस्तोर, विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष डॉ. दीपक पस्तोर और अध्यक्षता अटल बिहारी दुबे जिला प्रभारी धर्माचार्य प्रकोष्ठ ने की. संचालन दीपक त्रिपाठी पंडा जिला उपाध्यक्ष धर्माचार्य प्रकोष्ठ ने किया .अतिथियों का ग्राम पंचायत दावनी के पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया.

वसूली के लिए महिला ब्रिगेड तैयार

नवभारत न्यूज

सागर 6 जनवरी. नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम के संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क, दुकानों का किराया सहित अन्य सभी बकाया करों की लक्ष्य अनुसार वसूली करने के लिए नगर निगम में पहली बार महिला ब्रिगेड दल का गठन किया है.

जानकारी के अनुसार महिला ब्रिगेड दल में श्रीमती जयलक्ष्मी श्रीवास्तव, श्रीमती विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव, श्रीमती पूजा श्रीवास्तव, श्रीमती नीरज जादौन, श्रीमती स्वदेश राजा बुंदेला, श्रीमती आभा सेन एवं श्रीमती कंचन राजपूत, श्रीमती आशी गौतम, श्रीमती रेणुका यादव को नियुक्त किया गया है. राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है. गठित दल नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी के निर्देशन में कार्य करेंगे तथा नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त तबस्सुम खान निगमायुक्त को समक्ष में प्रतिदिन की प्रगति से अवगत कराएंगी.

बंडा में लापरवाही बरतने पर पटवारी निलंबित

नवभारत न्यूज

सागर 6 जनवरी. बंडा तहसील अंतर्गत ग्राम हिण्डोरिया सहित कई ग्रामों में शासकीय कार्यों में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर पटवारी स्वाति जैन के विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई है.

तहसीलदार बंडा द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार ग्राम हिण्डोरिया में औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें किसान फॉर्मर आईडी निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं सामने आई. निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पटवारी हल्का नंबर 24 के अंतर्गत ग्राम हिंडोरिया में 15, ग्राम हीरापुर में 06, ग्राम भरतिया में 04, ग्राम सिंगदौनी में 11 तथा ग्राम पिपरियाघाट में 01 प्रधानमंत्री किसान योजना से संबंधित फॉर्मर आईडी लंबित थीं, सूची में यह भी स्पष्ट नहीं था कि किन किसानों की फॉर्मर आईडी बनाई जानी है.

उल्लेखनीय है कि श्रीमती स्वाति जैन को कुल 1309 फॉर्मर आईडी बनाने का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध उन्होंने मात्र 262 फॉर्मर आईडी ही तैयार कीं. ग्रामवासियों ने शिकायत की कि पटवारी सप्ताह या 15 दिनों में केवल एक बार ही गांव आती हैं तथा उनका कार्य संतोषजनक नहीं है, साथ ही, सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का भी समय पर जवाब नहीं दिया जा रहा था. इसके अतिरिक्त, नायब तहसीलदार ज्योति वर्मा द्वारा किए गए निरीक्षण में भी श्रीमती स्वाति जैन बिना किसी सूचना के ग्राम/हल्का क्षेत्र से अनुपस्थित पाई गईं. तहसीलदार द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के अवलोकन के बाद यह निष्कर्ष निकाला गया कि पटवारी द्वारा शासकीय कार्यों में घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं स्वेच्छाचारिता बरती गई है, जो मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम 3 का उल्लंघन है. म.प्र. सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 09 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए श्रीमती जैन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. निलंबन अवधि में मुख्यालय तहसीलदार कार्यालय बंडा नियत किया गया है.

पालकी शोभायात्रा आज

सागर. बाहुबली कॉलोनी में मुनिश्री निष्काम सागर महाराज के सानिध्य में चल रहे सिद्धचक्र महामंडल विधान के समापन पर 7 जनवरी को सुबह 9 बजे से 24 श्रीजी प्रतिमाओं को पालकी पर विराजमान कर यात्रा निकाली जाएगी, विधान का निर्देशन ब्र संजीव भैया कटंगी कर रहे हैं. मुकेश जैन ढाना ने बताया कि विधान के अंतिम दिन 6 जनवरी को 1024 अर्घ चढ़ाए गए. 7 जनवरी को सुबह 7:00 बजे से अभिषेक पूजन शांति धारा होगी 8 बजे से हवन होगा और 9 बजे विधान के समापन पर नगर में श्रीजी की शोभायात्रा निकलेगी.

ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाई जा रही रेडियम पट्टी

नवभारत न्यूज

रहली 6 जनवरी. मंडी परिसर में आने वाले लगभग ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम की पट्टी लगाई गई एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली संचालकों तथा उनके ड्राइवरों को जानकारी दी गई.

पुरुषोत्तम हजारी ने बताया कि मंडी परिसर में आने वाली सभी ट्रैक्टर ट्रालियों में स्टेडियम लगाने का कार्य किया जा रहा है अभी मंडी में मक्का की आवक अधिक हो रही जिसमें 100 से अधिक ट्रैक्टर ट्राली प्रतिदिन आ रहे है 400 से अधिक ट्रैक्टर ट्राली में रेडियम लगाया जा चुका है. किसानो ने कहा कि कलेक्टर की पहल वरदान साबित होगी.

जबलपुर बायपास पर बोलेरो ट्रैक्टर में टक्कर

रहली. जबलपुर-देवरी सागर और रहली की ओर आने वाला बाईपास चौराहा इन दोनों दुर्घटनाग्रस्त एरिया बन गया है आए दिन वाहनों का टकराना चर्चा में रहता है. इसके बावजूद चौराहे पर सर्किल का निर्माण नहीं किया जा रहा है. मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रैक्टर और बोलेरो में टक्कर हो गई गनीमत रही किसी को भी चोट नहीं आई केवल बोलोरो गाड़ी को नुकसान हुआ.

संजू कप्तान सचिव बने

ललितरपुर. बाल्मीकि समाज के वरिष्ठ समाजसेवी संजय करोसिया संजू कप्तान को अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश करोसिया द्वारा राष्ट्रीय संगठन सचिव बनाया. संजय करोसिया संजू कप्तान को राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा सौंपी गयी. इस दौरान उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के नेतृत्व में संजू का स्वागत किया गया. इस दौरान मंजीत करोसिया, बृजेश नहारिया, नवल घावरी, जितेन्द्र करोसिया, राजकुमार नाहार, अमित करोसिया, रामू चौहान, वीरेंदर महरोलिया, महेंद्र नरवारे, राजेश सफेरा, अरविन्द आगवान मौजूद थे.

युकां ने मंत्री से मांगा इस्तीफा

नवभारत न्यूज

सागर 6 जनवरी. इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल के सेवन से मौतें होने की घटना के विरोध में शहर युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन किया.

लाखा बंजारा झील में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पोस्टर को डुबोकर विरोध जताया गया. प्रदर्शन का नेतृत्व शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष सागर साहू ने किया. जिला उपाध्यक्ष चक्रेश रोहित ने कहा कि मंत्री द्वारा इस्तीफा नहीं दिया गया तो आंदोलन जारी रहेगा. इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव, युकां पूर्व जिला अध्यक्ष राहुल चौबे, सिंटू कटारे, जितेंद्र चौधरी, वीरेंद्र राजे, नरेंद्र मिश्रा, शरद पुरोहित, आनंद हेला, महेश अहिरवार, कल्लू पटेल, आशू राईन, आनंद अहिरवार, अदिल राईन, सिकंदर राईन, सनी चौधरी आदि मौजूद थे.

रिफाइनरी के विरोध में प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

बीना 6 जनवरी. रिफाइनरी द्वारा युवा बेरोजगारों की अपेक्षा लगातार बढ़ रही है. अवैध गतिविधियां को लेकर नानक वार्ड के पार्षद बीडी रजक के नेतृत्व में किसानों और युवाओं ने बीना रिफाइनरी के गेट नंबर एक पर प्रदर्शन किया.

यह प्रदर्शन रिफाइनरी क्षेत्र में हो रही अवैध गतिविधियों, स्थानीय युवाओं को रोजगार न मिलने और सीएसआर फंड के दुरुपयोग के खिलाफ किया गया. रिफाइनरी प्रबंधन को मांगों का ज्ञापन भी सौंपा गया. पार्षद श्री रजक ने आरोप लगाया कि रिफाइनरी और उसके आसपास के क्षेत्र में कई बाहरी निजी कंपनियां बिना किसी वैध अनुमति के व्यवसायिक काम कर रही हैं. इन कंपनियों ने नियमों को ताक पर रखकर अस्थायी बेस कैंप और अवैध कॉलोनियां बना ली हैं. यह औद्योगिक सुरक्षा और पर्यावरण नियमों का खुला उल्लंघन है, जिससे स्थानीय लोगों और रिफाइनरी की सुरक्षा को खतरा हो सकता है.

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र केसली में जनसुनवाई में आईं प्रधानमंत्री आवास न मिलने की शिकायतें

नवभारत न्यूज

गौरझामर 6 जनवरी. कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा आपका प्रशासन आपके द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र केसली पहुंचे.

कलेक्टर ने जनसुनवाई करते हुए उन्होंने मौके पर ही प्रकरणों का निराकरण किया एवं निर्देश दिए की प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है जिसमें समस्त प्रकरणों का निराकरण मौके पर ही किया जाए. उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होना चाहिए उनकी समस्या का तत्काल निराकरण किया जाए. कलेक्टर ने केसली में जनसुनवाई करते हुए निर्देश दिए कि

जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास न मिलने की अधिकतम प्रकरण आए हैं जिसमें उन्होंने मौके पर ही जांच कराई एवं संबंधित के प्रकरणों का निराकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत में पात्र एवं प्रतीक्षारत हितग्राहियों के नाम अंकित किया जाए जिससे कि किसी भी व्यक्ति को परेशानी का सामना न करना पड़े. गरीबी रेखा के कार्ड बनवाने वालों के तत्काल जांच करने के निर्देश दिए एवं जांच के उपरांत अधिकारों के कार्ड बनाने की निर्देश दिए. उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में सीमांकन, बटवारा, नामांतरण के जो प्रकरण आए हैं उनकी तीन दिवस में निराकरण करें एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करें. इस अवसर पर एसडीएम मुनव्वर खान, जपं सीओ प्रतिष्ठा जैन मौजूद थीं.

सागर मौसम

अधिकतम 23.4 (-1)
न्यूनतम 7.4 (-3)
आर्द्रता :
सुबह/शाम : 82/59

In The Court Of Additional Session Judge, Special Court, Electricity Act, District Court, Sagar

Presiding Officer: श्री प्रशांत कुमार
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCA/0000118/2025)

महंत प्रेमदास द्वारा विधिक प्रतिनिधि महंत नरहरि दास ...वादी
Vs
कुंदनलाल मृत द्वारा वारसान ..... प्रतिवादी
Process Id-2025
पेशी दिनांक : 19/01/2026

प्रतिति-
(1) श्रीमती सावित्री पत्नि शंकरलाल सैनी पिता स्व. कुंदनलाल पता:-दुबे अस्पताल के पास इटारसी म.प्र.
(2) सैलाब कुमार सैनी पिता स्व. विजय सैनी पता:-मंडीदीप भोपाल म.प्र.

यह कि प्रार्थी महंत प्रेमदास द्वारा विधिक प्रतिनिधि महंत नरहरिदास ने आपके विरुद्ध रेग्यूलर सिविल अपील के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या सख्ती में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत कराएं।

यह आज तारीख **22 December 2025** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश
(प्रशांत कुमार)
जिला न्यायाधीश
विशेष न्यायालय क्र.10
विद्युत अधिनियम सागर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें.:
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

बीएमसी में सुविधा — सोमवार से शनिवार तक बीएमसी के ओपीडी कक्ष क्रमांक-12 में मिलेगी सुविधा

पीएफटी और एफओटी से फेफड़ों की गंभीर बीमारियों की जांच संभव

नवभारत न्यूज

सागर 6 जनवरी. बीएमसी में अब संभाग के मरीजों को फेफड़ों से जुड़ी जटिल बीमारियों की जांच के लिए निजी सेंटरों या बड़े शहरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे.

बीएमसी के फिजियोलॉजी एवं रेस्पिरेटरी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट और फेफड़ों की विशेष जांच सुविधा का शुभारंभ किया गया. लोकार्पण अधिष्ठाता डॉ.



पी. एस. ठाकुर एवं अधीक्षक डॉ. राजेश जैन द्वारा किया गया. अधिष्ठाता डॉ. ठाकुर ने बताया कि यह सुविधा प्रतिदिन सोमवार से शनिवार सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक ओपीडी कक्ष क्रमांक 12 में उपलब्ध रहेगी. मीडिया प्रभारी डॉ सौरभ जैन ने बताया कि अस्थमा एवं सांस फूलने की समस्या क्रोनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज पल्मोनरी फाइब्रोसिस श्वसन संबंधी अन्य गंभीर संक्रमण जैसी बीमारियों की जांच में सुविधा मिलेगी. यह पहल न बीएमसी के पी.जी. छात्रों के लिए भी शैक्षणिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है. आधुनिक मशीनों की उपलब्धता से छात्रों को क्लीनिकल अनुभव मिलेगा और श्वसन रोगों से संबंधित रिसर्च कार्यों में सागर मेडिकल कॉलेज को नई ऊंचाइयां मिलेंगी. इस अवसर पर फिजियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. रविकांत अरजरिया, पल्मोनरी विभागाध्यक्ष डॉ. तल्हा साद डॉ. अमरदीप राय, डॉ. अंजु झा, डॉ. रीमा गोस्वामी, डॉ. रमेश पांडेय, डॉ. सर्वेश जैन, डॉ सत्येंद्र उइके, डॉ. आशीष जैन, डॉ सत्येंद्र मिश्रा, डॉ प्रियांशु मौजूद रहे.